# सतना में शत प्रतिशत गणना पत्रक वितरित

## प्रदेश में 85 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रक का हुआ वितरण, जिलों में पहुंचे 100 प्रतिशत फॉर्म


नवभारत न्यूज

**सतना 14 नवम्बर. मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनिरीक्षण का कार्य सुचारु रूप से जारी है।**

### प्रदेश में 65 हजार से अधिक बीएलओ हैं कार्यरत

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्री झा ने बताया कि प्रदेश में 65 हजार 14 मतदान केंद्र है। सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ कार्यरत है। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्युमरेशन फॉर्म का वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 113 मतदाता दर्ज है। सभी बीएलओ के पास वर्ष 2003 की मतदाता सूची की प्रति भी उपलब्ध है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने के लिए




विशेष गहन पुनिरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में 100 प्रतिशत एन्युमरेशन फॉर्म प्रिंट होकर सभी 55 जिलों में पहुंचाए जा चुके है। 13 नवंबर की स्थिति में प्रदेश में लगभग 85 प्रतिशत मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है। सतना, सीधी, बुरहानपुर, नीमच, अशोक नगर, पांढुर्णा और पन्ना जिले में लगभग सभी मतदाताओं को फार्म का वितरण भी किया जा चुका हैं।

### यहां पर देख सकते है वर्ष 2003 के एसआइआर की मतदाता सूची

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट एवं भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मप्र की वर्ष 2003 की एसआईआर की मतदाता सूची को मतदाता देख सकते हैं। कोई भी मतदाता उपरोक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वयं अथवा अपने परिजनों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी मतदाता जिनका नाम वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें गणना पत्रक दिया जा रहा है। मतदाता ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से तथा ऑनलाइन वोटर पोर्टल के माध्यम से भी गणना फॉर्म भर सकता है।

# नागौद में कैप्सूल तो शहर में पकड़ी गई सिरप

## नशे की तस्करी कर रहे 2 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना 14 नवंबर. नशे के विरुद्ध जारी ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के चलते एक ओर जहां नागौद में नशे में इस्तेमाल होने वाले कैप्सूल और वहीं दूसरी ओर शहर के बजरहा टोला में नशीली कफ सीरप पकड़ी गई. इसी कड़ी में पुलिस ने नशे की तस्करी कर रहे 2 आरोपियों को भी दबोच लिया.**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गौशाला चौक के निकट रामना टोला की ओर जाने वाली गली में दबिश दी. जहां पर



खड़ा एक व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश करने लगा. जिसे देखते हुए उसे दबोच लिया गया. पूछताछ किए जाने पर व्यक्ति की पहचान गुड्डू चौधरी उर्फ मनराज पिता पुरुषोत्तम उम्र 30 वर्ष निवासी बजरहा टोला के तौर पर हुई. इसी कड़ी में जब व्यक्ति के पास मौजूद झोले की जांच की गई तो उसमें नशीली कफ सीरप की 16 शीशियां बरामद हुईं. जिसकी कीमत 6 हजार 300 रु आंकी गई. जिसे देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.

### जेब में रखकर बेच रहा था नशा



नागौद थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नागौद पन्ना रोड पर मिड वे ट्रीट के सामने दबिश दी. जहां पर सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति की तलाशी लिए जाने पर उसकी जेब में नशे के तौर पर इस्तेमाल होने वाले कैप्सूल के 4 पत्ते रखे मिले. इतना ही नहीं बल्कि उक्त व्यक्ति ने कुछ दूरी पर चबूतरे के नीचे एक पन्नी भी छिपाकर रखी थी. जिसमें नशीले कैप्सूल के 3 पत्ते रखे हुए थे. लिहाजा आरोपी के कब्जे से कुल 155 कैप्सूल बरामद किए गए जिनकी कीमत 1 हजार 7 रु आंकी गई. जिसे देख्खते हुए आरोपी अलताफ उर्फ अंटू पिता अब्दुल मजीद उम्र 33 वर्ष निवासी नागौद को गिरफ्तार करते हुए एनडीपीएस और ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई.

# नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यालय प्रात: 9 बजे से होंगे संचालित

नवभारत न्यूज

**सतना 14 नवम्बर** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले में शीतऋतु के प्रभाव से तापमान में गिरावट होने के कारण जिले अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, आईसीएसई, सीबीएसई तथा अन्य मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नर्सरी से कक्षा 8वीं तक समस्त विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन



करते हुए प्रात: 9 बजे नियत किया गया है। अर्द्धवार्षिक परीक्षायें अपने निर्धारित समय पर संचालित रहेगी। यह आदेश 17 नवम्बर सोमवार से प्रभावशील होगा।

# मोटर पंप चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 12 मोटर पंप बरामद

नवभारत न्यूज

**सतना 14 नवंबर. खेत की सिंचाई के लिए कुएं में लगे मोटर पंप की चोरी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरसत में लेकर पूछताछ शुरु की तो मोटर पंप गिरोह का पर्दाफाश हो गया.**

जिले के कोठी थाना प्रभारी व प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गारइया गांव के निवासी कियान राघवेंद्र सिंह द्वारा मोटर पंप चोरी होने की शिकायत महीने भर पहले की गई



थी. राघवेंद्र के अनुसार उनके खेत की सिंचाई के लिए कुएं में लगे मोटर पंप को कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया. इसी तरह मोटर पंप चोरी होने की शिकायत राघवेंद्र के निकट रहने वाले ददन यादव द्वारा भी की गई थी. ददन के खेत में कुएं में लगे मोटर पंप को भी अज्ञात चोर चुरा ले गए थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरु की गई. इस दौरान सामने आई जानकारी के आधार पर कुछ सेदहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरु की गई. पूछताछ में संदेहियों की पहचान कैलाश दाहिया उर्फ चुनकी पिता राजमन उम्र 19 वर्ष निवासी बरहना भठिया, हाकिम यादव उर्फ राजा पिता रमेश उम्र 22 वर्ष निवासी रमपुरा, संतोष यादव उर्फ बुल्ली उर्फ भूरा पिता लक्ष्मन उम्र 20 वर्ष निवासी रमपुरा और अमित कोल उर्फ बेटू पिता ददन उम्र 20 वर्ष निवासी बरहना बठिया के तौर पर हुई. वहीं कड़ाई से पूछताछ किए जाने पर आरोपियों ने मोटर पंप चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया. जिसके चलते आरोपियों की तस्दीक पर चुराए गए 1 अथवा 2 नहीं बल्कि दर्जन भर मोटर पंप को पुलिस ने बरामद कर लिया. जब्त 12 मोटर पंप की कीमत 94 हजार 500 रु आंकी गई.

# क्लीनिक में उपचार के बाद महिला की मौत

## परिजनों ने झोला छाप चिकित्सक पर लगाए गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**सतना 14 नवंबर. मैहर जिले के बंसीपुर गांव में सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़ित एक महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. निजी क्लीनिक में हुए उपचार के बाद महिला की मौत को देखते हुए परिजनों ने झोला छाप चिकित्सक पर गंभीर आरोप लगाए. जिसे देखते हुए आरोपों की जांच शुरु कर दी गई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बंशीपुर निवासी कुंजीबाई पाल घर में अकेले ही रहती थीं. उनके परिवार के सदस्य बाहर रह रहे थे. बताया गया कि कुंजीबाई पिछले कुछ दिनों से सर्दी-खांसी से पीड़ित थीं. इसी कड़ी में शुक्रवार को उन्हें तेज बुखार हो गया. जिसके चलते उन्हें गांव में स्थित एक निजी क्लीनिक संचालक संपतलाल कनौजिया के यहां उपचार के लिए ले आया गया. कुंजीबाई के भांजे अमर पाल के अनुसार क्लीनिक में संपतलाल ने कुंजीबाई को इंजेक्शन लगाया. जिसके लगभग 15 मिनट बाद ही कुंजीबाई की तबियत बिगड़ने लगी. इससे पहले कि वे लोग कुछ समझ पाते कुंजीबाई ने दम तोड़ दिया. घटना होती देख आस पास के रहवासी एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दे दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इसी कड़ी में मृतका के परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर जांच शुरु कर दी गई. इस मामले में पुलिस द्वारा स्वास्थ्य विभाग को भी जानकारी दे दी गई है.

### पीओएस मशीन से पर्ची काटकर करें खाद का वितरण

**सतना 14 नवम्बर.** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित करते हुए कहा है कि उर्वरक वितरण की सुचारू व्यवस्था बनाये रखने के लिए रैक प्वाइंट से प्राप्त होने वाली आगामी यूरिया एवं डीएपी की रैकों से 30 प्रतिशत मात्रा में से आधा मात्रा अर्थात 15 प्रतिशत का वितरण संबंधित डबल लॉक केन्द्र के प्रांगण में पीओएस मशीन से स्लिप काटकर आपके गोदाम से उर्वरक का वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। उर्वरक वितरण में किसी भी तरह की अनियमितता पाई जाने पर संबंधित विक्रेता के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# बाइक सवार युवक के हाथ में लगी गोली

## जिला अस्पताल रेफर, आरोपी की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 14 नवंबर. जिले के नागौद क्षेत्र में शुक्रवार की शाम उस वक्त सनसनी फैल गई जब बाइक सवार एक युवक ने दूसरे बाइक सवार युवक पर फायर कर दिया. गोली हाथ में लगने के कारण एक उंगली अलग हो गई. पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम 22 वर्षीय युवक समीर सौदागर अपनी बाइक पर सवार होकर निकला था. बताया गया कि जैसे ही समीर शंकर बाग क्षेत्र में पहुंचा वैसे ही एक अन्य बाइक वहां से गुजरी. बाइक पर सवार



एक व्यक्ति ने देखते ही देखते समीर पर कट्टे से फायर कर दिया. कट्टे से निकली गोली सीधे समीर के हाथ में जा लगी और वह मौके पर ही नीचे गिर गया. जिसे देख बाइक सवार वहां से भाग निकले. घायल समीर को उपचार के लिए नागौद स्थित सिविल अस्पताल ले जाया गया. जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल समना रेफर कर दिया गया. बताया गया कि गोली लगने से समीर की एक उंगली अलग हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस को बयान देते हुए समीर ने बताया कि राजपुर निवासी निशांत कोल ने उसके ऊपर गोली चलाई है. जिसके आधार पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरु कर दी गई. पुलिस द्वारा शुरु की गई जांच में यह जानकारी सामने आई कि समीर द्वारा किसी लड़की के साथा छेड़छाड़ किए जाने के चलते 3 दिन पहले उसका निशांत के साथ विवाद हुआ था. उस दौरान समीर ने निशांत को पीट दिया था. जिसके बाद से निशांत बदला लेने का प्रयास कर रहा था.

# गुजरात के सियालचा और वापी में मिली बालिकाएं

नवभारत न्यूज

**सतना 14 नवंबर. जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र से पिछले 5 महीने में 2 बालिकाएं गायब हो गई थीं. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तलाश करते हुए एक बालिका को गुजरात के नवी सियालचा और दूसरी ओर वापी क्षेत्र से दस्तयाब कर लिया. इस मामले में बालिकाओं को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है.**

- बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपियों की तलाश जारी

रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी से प्राप्त जतानकारी के अनुसार फरियादी पिता द्वारा अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की शिकायत 21 मई 2015 को दर्ज कराई गई थी. शिकायत के दौरान पिता द्वारा इस बात की आशंका जाहिर की गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश शुरु की गई लेकिन कोई जानकारी सामने नहीं आई. इसी कड़ी में थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले एक अन्य फरियादी पिता द्वारा भी अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की शिकायत 11 सितंबर को की गई थी. इस मामले में भी पुलिस द्वारा शुरु की गई छानबीन में बालिका के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली. इसके बावजूद भी साइबर सेल द्वारा लगातार कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ट्रेस किया जा रहा था. जिसके चलते बालिकाओं के गुजरात में होने की जानकारी सामने आई. जिसे गंभीरता से लेते हुए फौरन ही पुलिस टीम को रवाना कर दिया गया. पुलिस टीम द्वारा स्थानीय पुलिस के सहयोग से एक गुमशुदा बालिका को गुजरात के नवी सियालचा के मकान नं. 704 से दस्तयाब कर लिया गया. इसी कड़ी में दूसरी गुमशुदा बालिका को गुजरात के वापी से दस्तयाब कर लिया गया. दोनों बालिकाओं के कथन लिए जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. इसी कड़ी में बालिकाओं को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है.

# वोटर लिस्ट और रजिस्टर फाड़ने वाले पर अभी तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 नवम्बर. बीएलओ पुष्पराज सिंह ने कोटर थाना में अपने साथ हुई अभ्रदता, गाली गलौज कर वोटर लिस्ट और रजिस्टर फाड़ने की घटना की शिकायत दर्ज कराई थी साथ ही तहसीलदार को भी आवेदन दिया था लेकिन इस पर अभी तक ना कोई कार्रवाई हुई ना ही एफआईआर हुई जबकि यह मतदाता सूची का विशेष शुद्धीकरण राष्ट्रीय कार्य है।**

बीएलओ पुष्पराज सिंह ने अपनी शिकायत में कहा था कि मैं शा.मा .विद्यालय अंबेर में पदस्थ हुं एस आई आर में मेरी डियूटी पोलिंग -43 में लगी है 11/11/025 को जब मैं सर्वे कर रहा था उसी दौरान सर्वेश पिता रामबहोर हरिजन अपनी गाड़ी से आ कर मुझसे गाली गलौज करने लगा एवं उसने मुझसे छीन कर वोटर लिस्ट एवं रजिस्टर फाड़ कर फेंक दिया और बोला कि जिससे बताना हो जो करना हो कर लो । उस व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर कर कार्रवाई की जाए। इतने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में बाधा का मामला होने पर अभी तक मामले में ना कोई कार्रवाई हुई है और ना ही एफआईआर हुई है।

### एक नजर में



### बाल दिवस पर विविध आयोजन हुए

**सतना।** बोनान्ज़ा कॉ. हा.से. स्कूल में बाल दिवस अति उत्साह के साथ डायरेक्टर दिलीप अरोरा के निर्देशन में आयोजित किया गया जिसमें अत्यन्त सारगर्भित बातें पं. नेहरू के बारे में छात्र-छात्राओं को बतलाई गई। उपस्थित सभी भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर प्राचार्या रश्मि श्रीवास्तव ने उपस्थितों का स्वागत किया तथा डायरेक्टर सर एव चेयरपर्सन गौरव अरोरा द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में कु. दृष्टि गनेरीवाला, रूचि सिंह, कंची दत्ता, शिवम द्विवेदी, यश त्रिपाठी, देवांश तिवारी, सोना थदानी, आस्का तिवारी, प्रिया त्रिपाठी व अमनप्रीत कौर रही। आभार मैडम नित्या दुबे द्वारा किया गया।

### सांसद गणेश सिंह की भतीजी का मुंबई में दु:खद निधन

**सतना।** सांसद गणेश सिंह के अनुज गुलाब सिंह की सुपुत्री श्रीमती प्राची सिंह का



मुंबई के एक अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार को दुःखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से परिवार एवं क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। प्राची सिंह का विवाह मैहर जिले के करूआ गांव निवासी राजाराम सिंह के सुपुत्र बृजेंद्र सिंह के साथ हुआ था। प्राची सिंह का पार्थिव शरीर शनिवार की दोपहर 11 बजे सतना के डाली बाबा पहुंचेगा, जहां अंतिम दर्शन किए जा सकेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे नजीराबाद मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिवार के इस दुःखद क्षण में क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### भाजपा जिला महामंत्री ऋषभ सिंह छोटू को मातृ शोक

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी सतना जिले के जिला महामंत्री ऋषभ सिंह छोटू की पूज्य



माताजी स्व. श्रीमती श्यामा सिंह के दु:खद निधन पर पूरे भाजपा संगठन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। दिवंगत श्रीमती श्यामा सिंह अपने पीछे तीन पुत्र—विक्रम सिंह, सौरभ सिंह और ऋषभ सिंह तथा एक पुत्री श्रीमती अनामिका सिंह को छोड़ गई हैं। भाजपा नेताओं ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देकर मोक्ष प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करें। दिवंगत का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम गुढ़वा लगरगवां तहसील उचेहरा, जिला सतना में संपन्न हुआ।

### वाहनों का मझगवां के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित

**सतना.** अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उप संभाग मझगवां द्वारा मझगवां, पटना, पहाडीखेडा मार्ग लम्बाई 38 किमी के 1 से 3 किमी के बीच पुलियों का निमार्ण करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 135 बीजी को मझगवां टाउन का डायवर्सन के रूप में उपयोग करने एवं मण्डी के पास बस स्टैण्ड शिफ्ट करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। अनुविभागीण दण्डाधिकारी मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर ने अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उप संभाग मझगवां के प्रस्ताव से सहमत होते हुए सतना-चित्रकूट सडक मार्ग से गुजरने वाले वाहनों का प्रवेश मझगवां के अंदर प्रतिबंधित किया है।

# एकेएस ने नेट लिंक प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 नवम्बर. एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग ने उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के मध्य सहयोग को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रतिष्ठित आईटी कंपनी नेट लिंक प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन ( एम.ओ.यू. ) पर हस्ताक्षर किए।**

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं रोज़गार के अवसर प्रदान



करना है, जिससे उन्हें उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली, नवीनतम तकनीकी प्रवृत्तियों और व्यावहारिक अनुभव से परिचित कराया जा सके। डॉ. अखिलेश ए.वाऊ ने कहा कि यह समझौता नेट लिंक प्राइवेट लिमिटेड और एकेएसयू के मध्य सहयोग का एक सशक्त माध्यम बनेगा।विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर श्री अनंत सोनी, कुलपति प्रो. बी. ए. चोपड़े, तथा डीन, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग प्रो. जी. के. प्रधान ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की।हस्ताक्षर समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. अखिलेश ए. वाऊ, डीन, कंप्यूटर विज्ञान संकाय आदि रहे.

# श्री रामाकृष्णा कॉलेज फार्मेसी में सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 नवम्बर. राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल के तत्वाधान में महाविद्यालय में दिनांक 10 एवं 11 नवंबर को राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं ( नृत्य, संगीत, थिएटर एवं ?ाईन आर्ट ) का आयोजन किया गया.**

जिसमें मध्यप्रदेश के 6 संभागों के 206 छात्र/छात्राओं ने हिस्सा लिया एवं अंतर विश्वविद्यालय युवा उत्सव प्रतियोगिता हेतु 58 छात्रों का चयन किया गया जो की एम जी एम



विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजी नगर में आयोजित की जाएगी। जिसमें फाइन आर्ट्स प्रतियोगिता में ग्वालियर नोडल की टीम सकल समग्र विजेता एवं जबलपुर नोडल की टीम उपविजेता रही, फोक डांस जबलपुर, क्लासिकल डांस में भोपाल, क्रिएटिव कोरियोग्राफी में रीवा नोडल की टीमें विजेता रहीं। संगीत ग्वालियर नोडल लाइट वोकल, ग्रुप सांग इंडियन एवं क्लासिकल इंस्ट्रुमेंटल एकल इसी क्रम में भोपाल नोडल वेस्टर्न वोकल, ग्रुप सांग वेस्टर्न एवं वेस्टर्न इंस्ट्रुमेंटल सोलो जबलपुर नोडल क्लासिकल वोकल, ओर्केस्ट्रा एवं क्लासिकल इंस्ट्रुमेंटल सोलो में विजेता रहीं।

# छात्र-छात्राओं ने बाल दिवस पर चाचा नेहरु को किया नमन

नवभारत न्यूज

**सतना 14 नवंबर. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की जयंती को शासकीय उत्कृष्ट उमावि व्यंकट क्र. 1 में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर रंगाली, कविता पाठ, नृत्य, मोनो प्ले सहित प्रेरक उद्बोधन आकर्षण का केंद्र रहे.**

उत्कृष्ट विद्यालय व्यंकट क्र. 1 में पंडित नेहरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम आरंभ हुआ. जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने चाचा नेहरु को नमन




करते हुए बाल दिवस के महत्व पर अपने भाव व्यक्त किए. इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ प्रस्तुत कर चाचा नेहरु के आदर्शों और बाल अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किए. विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य शिक्षा और संववेदनशीलता के संकल्प को दोहराने का अवसर भी है. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को चाकलेट के साथ-साथ स्मृति उपहार के तौर पर पेन प्रदान की गई. वहीं छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही. मंच संचालन प्रियंका बाला ने किया और कार्यक्रम के अंत में डॉ. रामानुज पाठक ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थयों के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में मोहित गर्ग, रामफल साकेत, प्राची पाण्डेय, पूनम सिंह, नम्रता सिंह, जया राजानी, अर्चना सिंह, डॉ. उदय चतुर्वेदी, नंद किशोर पाठक, रत्नेश द्विवेदी, अंबरीश मिश्रा व अनुज पाण्डेय सहित अन्य शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई.

### स्काउड गाइड ने बाल दिवस पर किया पौधरोपण



अनुपमा हा. से. स्कूल भरहुत नगर सतना में बाल दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड द्वारा फलदार एवं औषधीय वृक्ष लगाये गये। इस अवसर पर अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी के फाउंडर डॉ प्रमोद तिवारी सलाहकार , आर ए. सिंह, प्रशासनिक अधिकारी वाई. के. सिन्हा, स्काउटर संतोष कुमार सेन, प्रमोद तिवारी ने पेड़ पौधो की उपयोगिता बताते हुए कहा कि वृक्ष हमें फल-फूल ऑक्सीजन दवाईयां देते है इसलिए हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए ये वृक्ष जीवों को आवास भी प्रदान करता है। औषधीय वृक्ष जड़ी बूटियों के रूप में उपयोग किए जाते है और विभिन्न रोगो के उपचार में सहायक होते है।